समाचार

मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े

कोरबा 16 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम क्षेत्र के पशुपालकों, दुध डेयरी संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें। उन्होने कहा है कि सड़कों पर मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है तथा आम नागरिकों, वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, साथ ही मवेशियों के घायल होने का खतरा भी बना रहता है। मवेशियों को सड़कों पर खुला छोड़ देने से मवेशी सड़कों में पड़े प्लास्टिक पॉलिथिन तथा अन्य सड़े–गले खाद्य पदार्थ को खा जाते हैं, जिससे उनके स्वास्थ पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। अतः अपने मवशियों को अपने घर, खटाल आदि में ही सुरक्षित रूप से रखें।

सड़कों पर विचरण करते मवेशियों को कांजीघर पहुंचाएगा निगम– आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को कांजीघर पहुंचाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि सड़कों पर मवेशी विचरण न करें, इस हेतु प्रतिदिन निर्धारित समय रोका छेका अभियान चलाएं तथा उन्हें सड़कों से उठाकर सुरक्षित कांजीघर ले जाये। आयुक्त श्री शर्मा ने पशुपालकों से भी अपील करते हुए कहा है कि चूंकि मवेशियों को कांजीघर पहुंचाने के बाद अर्थदण्ड अदा करने के बाद ही छोड़ा जाएगा, अतः अर्थदण्ड व इससे होने वाली असुविधा से बचने हेतु मवेशियों को अपने घर पर ही सुरक्षित रूप से रखें।